सिंह वाहिनी कुलदेवी पहुंच मार्ग का विधायक ने किया भूमि पूजन

▶ सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने भूमि दान किया

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 31 मई। सिंहवाहिनी कुलदेवी माता जी मंदिर पहुंच मार्ग कई वर्षों से अधूरा था जिसके चलते नवरात्रि एवं देवी पूजन में मंदिर पहुंचने में श्रद्धालुओं बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता था।

समस्या के निराकरण के लिए युवा विधायक विक्रम सिंह विक्की ने आम जनता एवं भूमि स्वामी से चर्चा कर ग्रामीणों को भूमि देने के लिए राजी किया और देवी मंदिर पहुंच मार्ग को जिला खनिज प्रतिष्ठान मद सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृति कराये और आज रामपुर बाघेलान नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 देवी जी मंदिर सिंह वाहिनी पहुंच मार्ग ग्रेवल रोड (लागत 20 लाख रूपये)का मंदिर परिसर में विधिवत भूमिपूजन किया। यह मार्ग माँ सिंह वाहिनी मंदिर तक एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसमें निजी भूमि पड़ने के कारण अभी तक नहीं बन सका था, आज कारण भूमि स्वामियों ने अपनी निजी भूमि दान की, अब जल्द ही मार्ग मूर्त रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ जन, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह पप्पू, विद्याधर तिवारी, डॉ केशव त्रिपाठी, कमलेश कचेर, सीएमओ अरुण श्रीवास्तव, विश्वजीत कुशवाहा उपयंत्री समस्त पार्षद एवं आम जनता उपस्थित रहे।

मोहकमगढ़ में आज आयोजित होगा नि :शुल्क बहु-चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 31 मई ।इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, मध्य प्रदेश, भोपाल के अंतर्गत संचालित ग्रामोदय विश्वविद्यालय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ग्राम मोहकमगढ़ में 1 जून 2026 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रात: 9 बजे से अपराह्न 12 बजे तक आयोजित होगा।

आयुर्वेद विभागाध्यक्ष एवं शिविर समन्वयक डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सेवा दिवस के रूप में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी तथा यूनानी पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, विभिन्न रोगों की जांच तथा आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। रेड क्रॉस सोसायटी एवं ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र के अधिकाधिक ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

बोरिंग अनुमति में बड़ा खेल, एक मशीन को एक दिन में 7 अनुमतियां

नवभारत न्यूज

मझगवां 31 मई। बोरिंग अनुमति के नाम पर एसडीएम कार्यालय में इस समय बड़ा खेल चल रहा है। इस खेल में कार्यालय के संबंधित कर्मचारियों के शामिल होने का आरोप है। आरोप है कि एक दिन में एक मशीन को 7 अनुमतियां दीं गई।

आरोप है फेरी वालों की तरह कर्मचारी बोरिंग मशीन संचालकों से स्वयं संपर्क साध कर पांच - पांच हजार रुपये में नलकूप खनन की अनुमति जारी करवा रहे हैं,बीते दिनों दिनांक 27 मई 2026 को एक साथ एक ही बोरिंग मशीन से नलकूप खनन के लिए साथ अलग अलग व्यक्तियों ने नाम से अनुमति जारी की गई , प्रश्न ये है कि अगर नलकूप खनन रोक नहीं पाना है और ऐसे ही अनुमति जारी करना है तो जिला कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश ही जारी क्यों किया गया है ? दूसरा सवाल यह है कि एक साथ एक ही दिन में एक ही बोरिंग मशीन से जारी सात अनुमतियां की जानकारी क्या एसडीएम मझगवां को है ।

नागौद की शिक्षिका प्रतिमा सिंह ने गोला और भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीता

नवभारत न्यूज

नागौद 31 मई । 12 वीं स्कूल एजुकेशन विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता छतरपुर मध्य प्रदेश में 27 से 31 के बीच संपन्न हुई, जिसमें नागौद की श्रीमती प्रतिमा सिंह शिक्षिका शासकीय माध्यमिक शाला उमरी संकुल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागौद ने 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में गोला फेंक और भाला फेंक में डबल गोल्ड मेडल जीत कर रीवा संभाग में का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता मुख्य अतिथि के रुप में शैलेश शुक्ला अध्यक्ष खेल एवं सांस्कृतिक समिति लोक शिक्षण संचनालय भोपाल, आरती प्रजापति सहायक संचालक छतरपुर ,श्री राजेश योजना अधिकारी लोक शिक्षण संचनालय भोपाल श्री बसंत लोक शिक्षण संचनालय भोपाल, सलाकांत बहादुर सिंह मध्य प्रदेश व्यायाम शिक्षक संघ के अध्यक्ष भोपाल, श्री मान सिंह जूनियर स्काउट गाइड समिति प्रदेश अध्यक्ष, प्रशांत दुवेदी जिला कीड़ा अधिकारी छतरपुर ,जितेंद्र सिंह व्यायाम शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

श्रीमती प्रतिमा सिंह गोल्ड मेडल में प्रसन्नता ब्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा नीरव दीक्षित , जिला शिक्षा अधिकारी सतना गिरीश अग्निहोत्री , जिला कीड़ा अधिकारी श्रीमती मीना त्रिपाठी, बीईओ मनोज खरे, ब्लॉक कीड़ा अधिकारी बिमलेन्द्र सिंह परिहार नागौद, श्रीमती नीता सिंह, लालेन्द्र कुमार बागरी, श्रीमती रेखा बागरी, श्रीमती प्रभा सिंह, कर्णदेव सिंह, श्रीमती शमी उननिसा, गायत्री सिंह, अवधेश सिंह, ,नफीस अहमद, कामता सोनी, मनीष सिंह, चंद्रशेखर सोनी, अरुण कुमार सोनी, मिथिलेश कुमार पांडे, अरुण कुमार पयासी ,उपेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, गीता सिंह , रंजना शुक्ला, श्रीमती आराधना मिश्रा, श्री मती प्रभा सिंह, माधुरी सोनी, नागेन्द्र सिंह ,श्रीमती राजवती कोरी श्रीमती वंदना सिंह श्रीमती प्रभा सोनी श्रीमती नेहा त्रिपाठी, श्रीमती निशा विश्वकर्मा , श्रीमती रितू सिंह , श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती मीरा मिश्रा श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती कल्पना मिश्रा, श्रीमती तरन्नुम निशा, श्रीमती रजनी, दीपक सूर्यवंशी अशोक सिंह सूर्यवंशी, श्रीमती सुषमा आचार्य, कन्या प्राचार्य श्रीमती बिनीता श्रीवास्तव,हरदुआ प्राचार्य रमेश दहायत जी,रौड प्राचार्य श्री सूरजवली यादव,दुरेहा प्राचार्य मार्तण्ड सिंह,श्रीमती पुनीता सिंह,आप के नाती ओम सिंह, हनु सिंह, ब्रदर्स क्लब के संचालक अरुण सिंह ,विनोद तिवारी, राम कुशल अग्निहोत्री, संजीत रजक शिव सहाय नामदेव, राहुल उपाध्याय ज्ञानेंद्र शुक्ला अश्वनी त्रिपाठी रंजीत रजक, वंशपाल चौधरी शामिल हैं।

अमरपाटन में जैन साध्वियों का भव्य आगमन : धर्म गंगा में गोते लगा रहे श्रद्धालु, उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 31 मई। (विशेष प्रतिनिधि) ।परम पूज्य, राष्ट्रसंत, आचार्य भगवान 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के शुभाशीर्वाद एवं वर्तमान नवाचार्य 108 श्री समय सागर जी महाराज की परम शिष्या पूज्य आर्यिका 105 श्री सौम्य मति माताजी एवं पूज्य आर्यिका 105 श्री अमूल्य मति माताजी का ससंघ भव्य मंगल आगमन अमरपाटन की पावन धरा पर हो चुका है।

संघ के पावन सानिध्य से संपूर्ण अमरपाटन क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। स्थानीय जैन समाज सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों से आ रहे श्रद्धालु इस धार्मिक समागम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और धर्म लाभ उठा रहे हैं ।विशाल आर्यिका संघ का मिला सानिध्यअमरपाटन जैन समाज का यह परम सौभाग्य है कि इस पावन संघ में एक साथ कई तपस्वी साध्वियों का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। संघ में पूज्य आर्यिका श्री सौम्य मति माताजी व पूज्य आर्यिका श्री अमूल्य मति माताजी के साथ-साथ-आर्यिका श्री अलोल मति

माताजीआर्यिका श्री अनमोल मति माताजीआर्यिका श्री आज्ञा मति माताजीआर्यिका श्री चैत्य मति माताजीआर्यिका श्री पार मति माताजीआर्यिका श्री आगत मति माताजीसभी साध्वियां अपने कठोर आत्म-कल्याण और तपस्या के माध्यम से समाज को सन्मार्ग दिखा रही हैं ।भोर से रात तक गूंज रहे भक्ति के स्वर (दैनिक कार्यक्रम)संघ के सानिध्य में स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची हुई है

बजे- भगवान का भव्य अभिषेक, शांतिधारा एवं देव-शास्त्र-गुरु पूजन ।प्रात: 08-30 बजे- पूज्य माताजी के मुखारविंद से मंगल प्रवचन। (इसमें माताजी जीवन जीने की कला और संस्कारों पर प्रकाश डाल रही हैं।)दोपहर 02-30 से 04-30 बजे- विशेष धार्मिक तत्वज्ञान कक्षाएं। (श्रावकों की शंकाओं का समाधान और जैन ग्रंथों का वाचन किया जा रहा है।)सायं 06-00 बजे- भक्ति भाव के साथ आचार्य भक्ति, समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौलपूज्य माताजी के संघ के आगमन से सकल जैन समाज में भारी हर्ष और उत्साह व्याप्त है। जैन समाज अमरपाटन के महामंत्री संजय जैन ने बताया कि अमरपाटन की धरा धन्य हो गई है। सभी वर्ग के लोग, बच्चे, बूढ़े और महिलाएं धर्म की इस पावन गंगा में गोते लगा रहे हैं। संघ की आहार चर्या और वैयावृत्ति करके पुण्यार्जन कर रहे हैं

एक नजर में

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक ने किया घाटों की सफाई

रामपुर बाघेलान ।म .प्र . शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन के निर्देश पालन में जलगंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल संचय एवं जल संरक्षण अन्तर्गत रामपुर नर नदी घाटों की सफाई का कार्य विधायक विक्रम सिंह विक्की भइया ने जनभागीदारी से किया। जिसमें वार्ड क्र 1,6,10,11,13 एवं 14 वार्डो के पार्षद एवं आम जनता उपस्थित रही।

कर्रा में सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात

रामनगर । मैहर जिले के ग्राम कर्रा में भाजपा मंडल रामनगर अध्यक्ष इंजीनियर श्रीमती प्रियंका सिंह पटेल के नेतृत्व में रविवार 31 मई 2026 को प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात का 134 वां संस्करण सुना गया। श्री मोदी जी ने देश में पड़ रही भीषण गर्मी से भी लोगों को बचे रहने की सलाह दी गई। कार्यकम में शैलेन्द सिंह मंडल प्रभारी रामनगर ,श्रीमती प्रियंका सिंह पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत रामनगर, उमा पटेल आंगनवाड़ी सरोज पटेल ,शशी पटेल रेहुती केशकली पटेल, सुरेखा सिंह ,आरती कुशवाहा ,रश्मी पटेल पुष्पलता कुशवाहा सुनैना पटेल रामविशाल कहार ,विश्वनाथ रामलाल कहार ,लियाकत अली सुमन सिंह ,रामबाई पटेल, विश्वनाथ पटेल मोहरवा नफीसा वानो ,प्रसून प्रताप सिंह कर्रा, निखिल सिंह कर्रा सियासरण साकेत आदि उपास्थित रहे। कार्यकम के कर्ताधर्ता सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल रहे।

ग्रामोदय विवि में हुआ मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण एवं अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण ऑनलाइन लिंक के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने एक साथ देखा और सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, नवाचार, स्वच्छता, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज के प्रेरक व्यक्तित्वों से संबंधित साझा किए गए। विचारों एवं उदाहरणों को गंभीरता एवं रुचि के साथ सुना गया। प्रतिभागियों ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रेरक प्रसंग समाज में सकारात्मक परिवर्तन एवं राष्ट्रहित के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने वाले हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त विचारों को प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें अपने जीवन एवं कार्यक्षेत्र में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

लोकमाता अहिल्याबाई जयंती एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम उत्साह पूर्वक संपन्न

चित्रकूट, 31 मई । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नंदलाल मिश्र ने की। मुख्य वक्ताओं में प्रो. नीलम चौरे, प्रो. रघुवंश प्रसाद बाजपेई, प्रो. अजय आर चौरे, प्रो. सी.पी. गूजर तथा डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

धूमधाम से मनाई गई अहिल्याबाई होलकर की जयंती

▶ बड़कोनिया मंदिर नागौद में आयोजन

नवभारत न्यूज

नागौद 31 मई। ब्लॉक पाल महासभा नागौद के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती बड़कोनिया मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विशाल जागरूकता रैली के साथ हुआ।

रैली बड़कोनिया मंदिर से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी मोड़, सिंहपुर चौराहा, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, अस्पताल चौराहा, उदय चौक एवं गांधी चौक होते हुए पुन: कार्यक्रम स्थल पहुंची। रैली में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों का प्रचार-प्रसार किया।

कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श प्रवेश कुमार पाल (पूर्व प्रभारी सीएमओ) रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. एस.एन. सिंह पाल ने की। विशिष्ट अतिथियों में एडवोकेट के.पी. पाल (सतना), गुलाब चंद्र पाल, बृजलाल पाल (जिला अध्यक्ष पाल महासभा पन्ना), पुरुषोत्तम पाल (सरपंच), एडवोकेट के ?पी?पाल एड राम सेवक पाल कृषि स्थाई

सभापति ज पं नागौद मनोज पाल (सतना), महिपाल पाल (सतना), ग्याशी पाल, भगवानदास पाल, चिंतामणि पाल एवं रामबहोर पाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रवेश कुमार पाल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं जिन्होंने न्याय, धर्म और जनकल्याण को शासन का आधार बनाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में आगे आना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एस.एन. सिंह पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर केवल एक शासक नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति की सशक्त प्रतीक थीं। उन्होंने समाज को संगठित होकर शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट के.पी. पाल ने कहा कि समाज की प्रगति का मार्ग शिक्षा से होकर गुजरता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कठिन परिश्रम कर समाज और देश का नाम रोशन करने की अपील की। जिला अध्यक्ष बृजलाल पाल ने समाज की एकता और संगठन की आवश्यकता पर बल देते हुए लोकमाता के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया ।कार्यक्रम के दौरान हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कामदगिरी परिक्रमा मार्ग पर चलाया गया व्यापक सफाई महा अभियान

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 31मई। स्वच्छ साधना सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को धर्मनगरी चित्रकूट में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया।

यह अभियान जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्गए निर्देशन में नगर परिषद चित्रकूटएवं कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गयाअभियान के

दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्गए आज का अभियान राम दर्शन के सामने चलाए गएएवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ.सफाई की गई। सफाई कर्मियों ने मार्ग पर फैले कूड़ा.करकट प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई ।कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने स्वच्छता के साथ कामदगिरि परिक्रमा में प्रतिदिन सामान बेचकर कचरा फैलाने वालों को भी न फैलाने के लिए उनको जागरूक कियाजिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने सिंगल यूज़ प्लास्टिक का कम प्रयोग करने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध भी किया गया जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 25...26 के अंतर्गत जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी हीरालाल पाल को दी गई भावभीनी विदाई

चित्रकूट, 31 मई। जिला निर्वाचन कार्यालय में तैनात सहायक निर्वाचन अधिकारी हीरालाल पाल के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनके दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

शिवमहापुराण कथा में सती चरित्र प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

▶ विशाल भंडारा आज

नवभारत न्यूज

कोटर 31 मई। गौरी सती शक्तिपीठ धाम, ग्राम रिमारी में 23 मई 2026 से आयोजित नौ दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा एवं महायज्ञ का धार्मिक वातावरण निरंतर भक्तिमय बना हुआ है। कथा के आठवें दिन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित जीतेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सती चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए भगवान शिव और माता सती के दिव्य प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।

कथा श्रवण कर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया और यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर जिले के युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी गुलाब शुक्ला तथा बिरसिंहपुर तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा परिवार सहित

उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर 101 किलो फलदान किया तथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

गुलाब शुक्ला ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। वहीं तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य प्रेम नारायण मिश्रा मुंशी भाई ,शत्रुघ्न प्रसाद मिश्रा, लाल कुंदन त्रिपाठी, नरेंद्र त्रिपाठी, अरुण कुमार मिश्रा, श्रीमती सावित्री यादव, रामभाऊ त्रिपाठी, गोकर्ण त्रिपाठी, इंद्रभान शुक्ला, चंद्रशेखर मिश्रा, विजय त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, कृष्ण कुमार मिश्रा, सतीश मिश्रा, आशीष चतुर्वेदी, भुवनेश्वर मिश्रा, विद्या भूषण त्रिपाठी, आशीष मिश्रा एवं प्रभात मिश्रा सहित समस्त समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जून 2026 (सोमवार) को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

ग्राम रिमारी में आयोजित यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं।